1. भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कब और कहाँ से प्रारम्भ हुआ ?
10 मई, 1857 मेरठ

2. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किसे दिल्ली का सम्राट घोषित किया गया था ? **बहादुर शाह जफर, द्वितीय**

3. मंगल पाण्डे ने किस छावनी में अंग्रेजों के प्रति विद्रोह किया था ?
बैरकपुर (बंगाल)

4. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरगति के समय आयु कितनी थी ? **23 वर्ष**

5. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में 80 वर्ष की आयु में युद्ध करके अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले वीर कौन थे ? **कुँवर सिंह (जगदीशपुर, बिहार)**

6. अंग्रेजों को धोखा देने के लिए युद्ध के समय रानी लक्ष्मीबाई का वेश बनाने वाली वीरांगना कौन थी ? **झलकारी बाई**

7. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व प्रचार हेतु किन वस्तुओं का प्रतीक रूप में प्रयोग किया गया ? **रोटी और कमल**

8. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का कानपुर में नेतृत्व किसने किया था ? **नाना साहेब**

9. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में नाना साहब का वीर सहयोगी कौन था ?
तात्या टोपे

10. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से पूर्ववर्ती प्रमुख आन्दोलन कौनसा था ?
संन्यासी आन्दोलन

11. दीनबन्धु मित्र के नाटक 'नील दर्पण' का सम्बन्ध किस आन्दोलन से है ?
नील किसानों का विद्रोह

12. स्वतंत्रता आन्दोलन में किस जनजातीय नेता को उसके अनुयायियों द्वारा ईश्वर का अवतार और विश्व का पिता माना जाता था ? **बिरसा मुण्डा**

13. जनजातीय नेता 'सीदू' और 'कान्हू' किस आन्दोलन से सम्बन्धित थे ?
संथाल आन्दोलन (1855)

14. ब्रिटिश शासन के विरुद्ध कूका आन्दोलन किस राज्य में हुआ था ? **पंजाब**

15. पंजाब के कूका आन्दोलन का प्रमुख नेता कौन था ? **रामसिंह**

16. आन्ध्र के वनवासियों के बीच राष्ट्रीय भावना जागृत करने वाले क्रान्तिकारी कौन थे ? **अल्लूरी सीताराम राजू**

17. समाज में प्रचलित अंधविश्वासों के विरुद्ध आन्दोलन चलाने वाले आन्ध्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक कौन थे ? **कन्दुकूरी वरिशेलिंगम पंतुलू**

18. तमिलनाडु के वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पत्रकार, जो अपनी देशभक्ति युक्त कविताओं के लिए प्रसिद्ध हैं ? **सुब्रमण्यम् भारती**

19. कौन-से सामाजिक-धार्मिक आन्दोलन ने नारा दिया, 'भारत भारतीयों के लिए' ? **आर्य समाज**

20. 'सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी' के संस्थापक कौन थे ?
गोपाल कृष्ण गोखले

21. ब्रिटिश गुलामी के विरुद्ध भारतीयों में आक्रोश उत्पन्न करने वाला (Father of Indian Unrest) किसे माना जाता है ? **बाल गंगाधर तिलक**

22. चाफेकर बन्धुओं ने क्रूर अंग्रेज कमिश्नर रेण्ड की हत्या किस नगर में की थी ?
पुणे

23. किन क्रान्तिकारियों के बलिदान से प्रेरणा प्राप्त करके, वीर सावरकर ने आजन्म देश-सेवा का संकल्प लिया था ? **चाफेकर बन्धु**

24. 'वन्देमातरम्' और 'कर्मयोगी' नामक क्रान्तिकारी अखबारों का प्रकाशन किसने किया था ? **महर्षि अरविन्द घोष**

25. महात्मा गाँधी ने किसकी मृत्यु पर कहा था कि, "मेरा सबसे मजबूत संरक्षक चला गया।" **बाल गंगाधर तिलक**

26. लाला लाजपतराय की मृत्यु पर किसने कहा था कि, "भारतीय सौर मण्डल से एक सितारा डूब गया।" **महात्मा गाँधी**

27. 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
लाला लाजपत राय

28. भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन हेतु विदेशों में समर्थन जुटाने के लिए, लाला हरदयाल ने किस देश में गदर पार्टी की स्थापना की थी ? **अमेरिका**

29. मुजफ्फरपुर में ब्रिटिश न्यायाधीश किंग्सफोर्ड को मारने का प्रयास किन क्रान्तिकारियों ने किया था ? **खुदीराम बोस व प्रफुल्ल चाकी**

30. शहादत (फाँसी) के समय खुदीराम बोस की आयु कितनी थी ? **19 वर्ष**
31. काकोरी काण्ड के साथ किस क्रान्तिकारी का नाम स्मरण आता है ? **पं. रामप्रसाद बिस्मिल**
32. क्रान्तिकारी संगठन 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' का संगठन किसने किया था ? **चन्द्रशेखर आजाद**
33. चन्द्रशेखर आजाद ने अंग्रेजों के साथ संघर्ष करते हुए, स्वयं को गोली मारकर आत्मबलिदान किस स्थान पर किया था ? **अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) इलाहाबाद**
34. लाला लाजपत राय पर लाठी चलाने का आदेश देने वाले अंग्रेज अधिकारी सांडर्स को मारकर बदला लेने वाले क्रान्तिकारी कौन थे ? **भगत सिंह**
35. भारतीयों का अपमान करने वाले अंग्रेज अधिकारी कर्जन वायली को उसी के देश में जाकर गोली मारने वाले क्रान्तिकारी कौन थे ? **मदन लाल ढींगरा**
36. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के समय पंजाब के उप गवर्नर रहे माइकल ओ ड्वायर को लन्दन में मारने वाले क्रान्तिकारी कौन थे ? **ऊधम सिंह**
37. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कराने वाले जनरल डायर की मृत्यु कैसे हुई थी ? **लम्बी बीमारी से तड़पने के बाद (लन्दन में)**
38. मद्रास में साइमन कमीशन का विरोध करने वाले भारतीयों पर गोलीबारी को रोकने का प्रयास करने वाले 'आन्ध्र केसरी' के नाम से प्रसिद्ध नेता कौन थे ? **रंगटूरी प्रकाशम पंतुलु**
39. 63 दिन तक जेल में भूख हड़ताल करके, किस क्रान्तिकारी ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया था ? **जतिन्द्र नाथ दास**
40. केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंकने वाले क्रान्तिकारी भगत सिंह के साथी कौन थे ? **बटुकेश्वर दत्त**
41. भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को कब फाँसी पर लटका कर शहीद किया गया ? **23 मार्च, 1931**
42. 'एक मुसलमान को भी फाँसी चढ़ जाने दो' कहने वाले क्रान्तिकारी कौन थे ? **अशफाक उल्ला खाँ**
43. कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करते समय किस महिला क्रान्तिकारी ने बंगाल के ब्रिटिश गवर्नर को गोली मार दी थी ? **बीना दास**
44. गुजरात में खेड़ा सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व महात्मा गाँधी के साथ किसने किया था ? **सरदार वल्लभ भाई पटेल**
45. दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस आकर गाँधी जी ने प्रथम सफल सत्याग्रह कहाँ किया था ? **चम्पारण (बिहार)**

46. स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान किस कानून के विरोध में कहा गया कि, "न वकील, न अपील, न दलील।" **रॉलेट एक्ट**

47. 1928 में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में गुजरात में कौनसा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था ? **बारदोली आन्दोलन**

48. स्वदेशी आन्दोलन की शुरूआत किस आन्दोलन के साथ हुई ? **बंगाल विभाजन विरोधी आन्दोलन**

49. किस घटना के कारण महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन (1920-22) को वापस ले लिया था ? **चौरी-चौरा की घटना**

50. स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान किस आन्दोलन को भारतीय पूँजीपतियों का भी समर्थन प्राप्त था ? **सविनय अवज्ञा आन्दोलन**

51. डांडी मार्च किस आन्दोलन का हिस्सा था ? **सविनय अवज्ञा आन्दोलन**

52. गाँधी जी के नमक आन्दोलन से सम्बन्धित डांडी नामक स्थान गुजरात के किस जिले में स्थित है ? **नवसारी**

53. गाँधी जी के व्यक्तिगत सत्याग्रह (1940) का प्रथम सत्याग्रही कौन था ? **आचार्य विनोबा भावे**

54. 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ हुआ था ? **बम्बई**

55. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान रेल की पटरी उखाड़ते हुए पकड़े गये युवा क्रान्तिकारी, जिन्हें फाँसी दी गई, कौन थे ? **हेमू कालाणी**

56. आजाद हिन्द फौज के मूल संस्थापक कौन थे ? **रासबिहारी बोस एवं कैप्टन मोहन सिंह**

57. 1943 में सिंगापुर में आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किसने सम्भाला ? **सुभाष चन्द्र बोस**

58. आजाद हिन्द फौज की महिला वाहिनी का नेतृत्व किसने किया था ? **कैप्टन लक्ष्मी सहगल**

59. प्रसिद्ध आजाद हिन्द फौज मुकदमा किस स्थान पर चला था ? **लाल किला, दिल्ली**

60. नागालैण्ड की युवा महिला नेता गैडनिल्यु को किसने 'रानी' उपनाम दिया था ? **जवाहर लाल नेहरू**

61. गोवा को पुर्तगालियों के अधिकार से मुक्त कराने के लिए 1946-47 में किसने सविनय अवज्ञा आन्दोलन का नेतृत्व किया था ? **राम मनोहर लोहिया**

* * *